GOEL

SHRI BAJRANG ALLIANCE LIMITED

Regd. Office & Works : 521/C, Urla Industrial Complex, Urla, Raipur 493221 (C.G.), India
Phone : +91-771-4288000, Fax : +91-771-4288001
E-Mail : sales.sbal@goeltmt.com, Website : www.sbal.co.in
Addl. Place of Business : Kh. No. 521/58, Dharsiwa-Tilda Road, Vill.-Tandwa, Tehsil-Tilda, Dist.-Raipur 493116 (C.G.)
CIN No. : L27103CT1990PLC005964

QUALITY SYSTEM CERTIFICATION DNV ISO 9001

Dated: 05.11.2026

To,
The Corporate Relation Department,
Bombay Stock Exchange Limited.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, MUMBAI – 400001

Ref: BSE Scrip Code- 526981.

Sub: Newspaper Publication

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find attached herewith a copy of the newspaper publications with respect to Unaudited Financial Results of the Company for the quarter/ half year ended 30th September, 2026 published in Mint and Chhattisgarh.

This is for your kind information and dissemination to all the concerned please.

Thanking you

Your faithfully,

For, Shri Bajrang Alliance Limited

SHRI BAJRANG ALLIANCE LIMITED RAIPUR (C.G.) CIN NO. L27103CT1990PLC005964

ANSHU DUBEY Digitally signed by ANSHU DUBEY Date: 2026.11.05 11:53:09 +05'30'

Anshu Dubey
Company Secretary & Compliance Officer

Encl. a/a

सुकमा के 50 ग्रामीण पहली बार ट्रेन से पहुंचे गुजरात

पीएम की मौजूदगी में राष्ट्रीय एकता परेड के बने साक्षी



'छत्तीसगढ़' संवाददाता

सुकमा, 4 नवंबर। बस्तर के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के 50 ग्रामीणों के लिए गुजरात का सफर कई मायनों में यादगार बन गया। कई ग्रामीणों ने पहली बार ट्रेन में बैठकर लंबी दूरी तय की और एकता नगर (केवड़िया) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह एवं भव्य परेड के साक्षी बने। परेड में छत्तीसगढ़ पुलिस के डीआरजी और एसटीएफ जवानों की कदमताल देख ग्रामीणों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

इस राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से करीब 800 नागरिक पहुंचे थे। इनकी मौजूदगी ने परेड में शामिल प्रदेश के पुलिस जवानों का मनोबल बढ़ाया। सुकमा से पहुंचे 50 सदस्यीय दल ने समारोह के साथ स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भी भ्रमण किया। ग्रामीणों के लिए यह यात्रा नए प्रदेश को देखने, राष्ट्रीय आयोजन से रूबरू होने और अपने प्रदेश के जवानों को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन करते देखने का अनूठा अवसर रही।

एकता नगर में आयोजित परेड में जवानों की अनुशासित कदमताल ने ग्रामीणों को खासा प्रभावित किया। बस्तर के चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले अपने ही प्रदेश के जवानों को राष्ट्रीय समारोह में हिस्सा लेते देख ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाईं। कई ग्रामीणों के लिए यह पहला अवसर था, जब उन्होंने इतने बड़े राष्ट्रीय आयोजन को प्रत्यक्ष देखा।

पुलिस अधीक्षक सुकमा मयंक गुर्जर (भापुसे) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में इस यात्रा का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक सपन चौधरी के नेतृत्व में 50 सदस्यीय दल गुजरात पहुंचा। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को राष्ट्रीय एकता समारोह में सहभागिता के साथ गुजरात के प्रमुख पर्यटन स्थल स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने का अवसर भी मिला।

गुजरात प्रवास से सकुशल लौटे दल के सदस्यों का पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने कार्यालय में पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके यात्रा अनुभवों और समारोह से जुड़ी यादों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

ग्रामीणों ने पहली रेल यात्रा, गुजरात भ्रमण और राष्ट्रीय एकता परेड को अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। उन्होंने इस अवसर के लिए सुकमा पुलिस प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन का आभार जताया।

लूट और सरकारी काम में बाधा, 2 बंदी



'छत्तीसगढ़' संवाददाता

कवर्धा, 4 नवंबर। कबीरधाम पुलिस ने लूट और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

प्रार्थी गोपाल साहू सिवनीकला ने 31 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सरोधा बांध के पास आरोपी ओमकार सिंद्राम ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस में रिपोर्ट करने की धमकी दी और नगद 5,000 रुपये तथा फोन-पे के माध्यम से 5,000 रुपये (कुल 10,000 रुपये) जबरन ले लिए।

पुलिस ने बीएनएस की धारा 309(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर दो आरोपियों ओमकार सिंद्राम और यशवंत कुमार पटेल को हिरासत में लिया। आरोपियों के कब्जे से 1,300 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मारुति सुजुकी वेगनआर कार (क्रमांक छत्त-09-छ्झ-4194, मूल्य लगभग 3 लाख रुपये) जब्त की गई है। मुख्य आरोपी ओमकार सिंद्राम के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट और धमकी के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

जल संसाधन विभाग कार्यालय कवर्धा में पदस्थ चौकीदार रोहित कुमार श्रीवास की शिकायत पर आरोपी ओमकार सिंद्राम के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, 15 अक्टूबर को कार्यालय में बैठक के दौरान आरोपी ने अंदर पहुंचकर नोटिस दिए जाने को लेकर हंगामा किया, अश्लील गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। इस प्रकरण में भी आरोपी ओमकार सिंद्राम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मवेशियों की तस्करी, 1 बंदी, 1 फरार

कवर्धा, 4 नवंबर। कुकदुर पुलिस ने पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक मवेशियों को भरकर वध के लिए ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी बुधराम बघेल (निवासी ग्राम भेड़ागढ़) की शिकायत पर थाना कुकदुर में मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार, आरोपी करन साहू और भुरू यादव द्वारा 2 भैंस और 2 पड़िया (कुल 4 मवेशी) को बिना चारा-पानी के महिंद्रा पिकअप वाहन सीजी 10 सीबी 4328 में ठूंसकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और मोटरयान अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपी करन साहू ग्राम अमलडीही, मुंगेली को 2 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया।



राज्योत्सव में जनसम्पर्क विभाग की छायाचित्र विकास प्रदर्शनी को मिली सराहना

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

कुरुद, 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 26 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धमतरी में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिला जनसंपर्क द्वारा आकर्षक छायाचित्र विकास प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों को छायाचित्रों एवं सूचनात्मक पैनलों के जरिए प्रदर्शित किया गया है।

जिला मुख्यालय धमतरी में लगी प्रदर्शनी में किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, आदिवासी परिवारों और जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली योजनाओं को विशेष रूप से दर्शाया गया है। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित कृषक उन्नति योजना, किसान सम्मान निधि, भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, महतारी वंदन, उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, सूर्य घर मुफ्त बिजली तथा तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक एवं बोनस जैसी योजनाएं शामिल हैं।

मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे तो जनसंपर्क धमतरी के उपसंचालक शशि रंज पराशर ने गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर अमीत नूणीवाल अरुणा राव, वीरेंद्र मंडावी, ताराचंद सहित स्टाफ के लोग मौजूद थे। अतिथियों ने प्रदर्शनी में विस्तार से दी गई जानकारी की सराहना करते हुए विभाग को बधाई दी।

सरकारी जमीन पर सालों पुराना कब्जा भी कानूनी हक नहीं देता

बिलासपुर, 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि सरकारी या सार्वजनिक जमीन पर नियमों के खिलाफ कब्जा कर लेने से किसी को कानूनी अधिकार नहीं मिल जाता। भले ही कब्जाधारी ने वहां पक्का निर्माण कर लिया हो, वर्षों से कारोबार चला रहा हो या बिजली बिल जैसे शुल्क नियमित रूप से जमा किए हों, इससे जमीन पर उसका वैध दावा नहीं बनता। जस्टिस ए.के. प्रसाद की सिंगल बेंच ने इस टिप्पणी के साथ भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) की जमीन पर लंबे समय से दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान चला रहे कारोबारियों की नौ याचिकाएं खारिज कर दीं।

वर्ष 1976 में बीएसपी ने खुर्सीपार में व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए कुछ भूखंड आवंटित किए थे। बाद में मूल आवंटियों के बजाय दूसरे लोगों ने इन पर कब्जा कर दुकानें और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दीं। इसे अवैध कब्जा मानते हुए बीएसपी ने सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई शुरू की। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि वे कई वर्षों से इन परिसरों में कारोबार कर रहे हैं। वे किराया, लाइसेंस फीस, बिजली बिल और संपत्ति कर भी नियमित रूप से जमा करते रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ पहले जारी किए गए बेदखली आदेशों पर अब अमल नहीं किया जाना चाहिए। इसके जवाब में बीएसपी ने बताया कि मूल आवंटन की शर्तों में जमीन का कब्जा किसी तीसरे व्यक्ति को सौंपने, उसे किराये पर देने या कारोबारी साझेदारी करने पर रोक थी।

जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 90 घंटे के 'कम्युनिकेटिव इंग्लिश कोर्स' का शुभारंभ

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

गरियाबंद, 4 नवंबर। उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गरियाबंद में जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 90 घंटे के कम्युनिकेटिव इंग्लिश कोर्स का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम संयोजक दीपशिखा टोप्पो सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य से अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तलवरे ने बताया कि इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति झिझक को दूर करना, आत्मविश्वास विकसित करना तथा संप्रेषण कौशल को बेहतर बनाना है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जी.एस. दास ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार एवं भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों का सामना करने के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान एवं संप्रेषण कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस पाठ्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने तथा नियमित रूप से कक्षाओं में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने यह भी संदेश दिया कि अंग्रेजी सीखने का अर्थ अपनी मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा को छोड़ना नहीं है, बल्कि अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए एक नई भाषा एवं कौशल को आत्मसात करना है।

इस अवसर पर डॉ. नीलाम्बर पटेल, डॉ. खुशी देवांगन, भेषण लाल, भावेश कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



स्काउट्स गाइड्स राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में धमतरी जिला सहभागी

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

कुरूद, 4 नवंबर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में पांच दिवसीय राज्यस्तरीय स्पेशल कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें धमतरी जिले के 11 स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर और रेंजर लीडर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



प्रशिक्षण में राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, प्रशिक्षण आयुक्त पूनम साहू, एसटीसी गाइड सरिता पाण्डेय एवं संचालक मण्डल की टीम द्वारा फर्स्ट एड, मैपिंग एंड स्टार गेजिंग, वार्डन कम क्वार्टर मास्टर, कैम्प फायर, स्काउटिंग कौशलों की जानकारी दी गई।

दुर्गेश द्विवेदी, हीना भोंसले, ऐशकुमार, बालमुकुंद साहू, हेमंत जांगड़े, तार्केश्वर पाण्डेय, हरिशचंद्र नेताम, सोमेश गुप्ता, श्यामसुन्दर, शिल्पा मानिकपुरी, चांदनी साहू आदि ने बताया कि स्पेशल कोर्स प्रशिक्षण में किसी भी स्थान का अक्षांश एवं देशांतर रेखाएं एवं ग्रिड निकालना, नजरी नक्शा एवं रूढ़ एवं प्रतीक चिन्हों का प्रयोग, कंपास, मानचित्र एवं एटलस तारामंडल का अध्ययन, मार्चपास्ट एवं ड्रिल, आपदा प्रबंधन, ध्वज शिष्टाचार एवं कलर पार्टी जैसे स्काउटिंग पाठ्यक्रमों की व्यावहारिक जानकारी देकर प्रतिभागियों को स्काउटिंग दक्षता में पारंगत किया गया।

स्काउट्स गाइड्स के राज्य उपाध्यक्ष एवं सांसद लक्ष्मी वर्मा, मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंग खालसा ने शिविर में शिरकत कर प्रतिभागियों का हौसला अफजाई की। जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिन्दुजा, डीईओ मधुलिका तिवारी, आयुक्त स्काउट यदुनंदन वर्मा, जिला संघ अध्यक्ष जीपी साहू, कृष्णाराम, गजानंद, जितेन्द्र, डोलेश्वरी साहू, यशोदा सोनकर, वनीता मगर, भगत यादव, जीवनलाल, सोहन साहू, नेमलाल गंगेले ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

गणित का चौराहा - 6213

1	×	3	−	8	-5
+		+		×	
7	−	4	+	9	12
−		÷		+	
5	+	2	−	6	1
3		5		78	

सुडोकू- 7303 का हल (E)

2	3	4	8	1	5	7	9	6
9	5	1	2	7	6	3	8	4
7	6	8	9	3	4	1	5	2
4	2	3	5	8	1	9	6	7
5	1	7	3	6	9	4	2	8
6	8	9	7	4	2	5	1	3
8	4	5	1	2	3	6	7	9
3	9	2	6	5	7	8	4	1
1	7	6	4	9	8	2	3	5

मिनी सुडोकू-6164 का हल

3	5	6	4	2	1
1	4	2	3	6	5
6	1	4	5	3	2
5	2	3	1	4	6
2	3	5	6	1	4
4	6	1	2	5	3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना क्रमांक-20

क्रमांक/1736/बलेवि/ग्रायांसेवा/2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 02.11.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा आमंत्रण	निविदा कार्यालय में पहुंचने कि अंतिम तिथि
नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य राजनांदगांव विकास खण्ड राजनांदगांव	126.52	प्रथम बार	18.11.2026

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 04.11.2026 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 18.11.2026 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-राजनांदगांव

जी-262704380/2

मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

बलौदाबाजार, 4 नवंबर। बलौदाबाजार शहर में सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल स्थिति, पार्किंग की अव्यवस्था एवं साफ-सफाई की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शहर की मूलभूत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, जिला महामंत्री जितेन्द्र नवरत्न, शहर कोषाध्यक्ष,गेवेंद्र साहू, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, मोहसिन चौहान, शाश्वत यादव सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बलौदाबाजार शहर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिकों, व्यापारियों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद शहर में पर्याप्त सार्वजनिक शौचालय, व्यवस्थित पार्किंग एवं नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नपं करेली में खुलेगा शासकीय कॉलेज

विधायक का जताया आभार

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

कुरुद, 4 नवंबर। नगर पंचायत करेली में नवीन शासकीय महाविद्यालय स्वीकृत होने पर क्षेत्रवासियों ने राज्य सरकार और विधायक अजय चंद्राकर का आभार जताते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और उच्च शिक्षा के सपने को साकार करने वाला ऐतिहासिक कदम बताते हुए विधायक को धैंक्यू कहा।

कुरुद विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मगरलोड विकासखंड के करेली में नवगठित नगर पंचायत में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति पाकर क्षेत्रवासियों के खुशीयों का ठिकाना नहीं है। इसका पूरा श्रेय अपने काबिल विधायक अजय चंद्राकर को देते हुए लोगों ने हर्ष एवं धैंक्यू के साथ इसे दीपावली गिफ्ट बताया।



जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू, नपं अध्यक्ष महेंद्र साहू, मंडल प्रभारी होरीलाल साहू ने कहा कि पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक के अथक प्रयास एवं दूरदृष्टि सोच का परिणाम है कि मगरलोड के बाद अब करेली में भी शासकीय महाविद्यालय खुलने जा रहा है। इससे करेली सहित आसपास गांवों के गरीब, किसान एवं मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों को उच्च शिक्षा का लाभ अपने गृह ग्राम के निकट ही मिल सकेगा।

भाजपा नेताओं ने बताया कि क्षेत्रवासियों ने अपने मतों से शिक्षित, समझदार और दमदार नेता को अपना मुखिया चुना है, जिसके चलते उन्हें बिना मांगे ही सबकुछ मिल रहा है। उनके द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के विकास को लेकर किए जा रहे निरंतर प्रयासों से आज यह सपना साकार हुआ है।

इस अवसर पर प्रीतराम देवांगन, छबिलाल साहू, गोपाल डोमार, पदुम, कृपा, रामदयाल, भोज,प्रदीप साहू, चोवा निषाद, प्रदीप साहू, मुकेश, सुखीराम, बाबूलाल, गेंदालाल साहू, नरोत्तम निषाद, रामाधार, लेखराम निषाद, जैता बघेल,टॉपराम सोनकर,पोखर, संतोष सिन्हा, लोमस साहू, भानु, धनुराम, गौतम साहू, वीरेन, नागेश्वर साहू, देव यादव आदि मौजूद थे।

SHRI BAJRANG ALLIANCE LIMITED
(Formerly Known as Shri Bajrang Alloys Limited)
CIN: L27109CT1996PLC065984
Regd. Office: 521/C, Urla Industrial Complex, Urla, Raipur-493221 (C.G.)
Tel. No.:0771-4288000, Fax No: +91-771-4288001,
Website: www.sbal.co.in, Email: cs.sbal@goelgroup.co.in

Extracts of Unaudited Financial Results for the Quarter/Half Year Ended 30th September,2026

Rs. In Lacs (Except Per share Data)

Sl. No.	Particulars	STANDALONE						CONSOLIDATED					
		Quarter ended			Half Year Ended		Year ended	Quarter ending			Half Year Ended		Year Ending
		30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026	30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026
		Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited
1.	Total Income from Operations	14128.35	10694.47	8962.84	24894.81	18674.25	39741.68	14120.35	10522.34	8767.35	24642.69	17724.22	37570.77
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	660.43	321.97	445.01	982.38	741.22	1552.21	660.43	159.84	229.51	820.27	391.19	381.32
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	702.07	379.35	445.01	1081.38	741.22	1552.21	702.07	217.19	229.51	919.27	391.19	381.32
4.	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	494.94	331.33	308.44	826.27	629.58	1457.37	494.95	169.20	164.94	664.16	279.55	295.48
5.	Shares of Profit of Associates	-	-	-	-	-	-	719.33	796.02	845.88	1515.34	1588.81	4148.15
6.	Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	525.10	426.26	427.84	951.36	738.93	1847.57	1244.43	1060.15	1050.23	2304.60	1977.57	4816.83
7.	Paid-up Equity Share Capital	900	900	900	900	900	900	900	900	900	900	900	900
8.	Other Equity excluding Revaluation Reserves	-	-	-	-	-	8528.13	-	-	-	-	-	37144.11
9.	Basic and Diluted Earning per share (of Rs. 10/- each) (not annualised)	5.50	3.68	4.23	9.18	7.00	16.19	13.49	10.72	11.23	24.22	20.78	49.18


Note: 1 The above results have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on 03.11.2026.
Note: 2 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the quarter/half year ended 30.09.2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of Unaudited Financial Results for the quarter/half year ended on 30.09.2026 is available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the Company's website www.sbal.co.in.

By Order of the Board
Sd/-
(Anshit Goel)
WTD & CFO
DIN: 07885823

Place : RAIPUR
Date : 03.11.2026

मीना नायक का निधन

भिलाई नगर, 4 नवंबर। प्लॉट नंबर 303, सड़क नंबर 2, स्मृति नगर निवासी मीना नायक पत्नी स्वर्गीय एस.सी. नायक का सेक्टर 9 अस्पताल में निधन हो गया। वे 80 साल की थी उनका अंतिम संस्कार कल रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सीमा नायक, कोमल नायक की सास, सपन नायक की मां, रोहित नायक, ऋषि नायक,वैभव नायक की दादी थी।



Name, Fame and Game- 6223 Solution

अगर आप कुछ नाम ढूंढ न पाए हों तो यहां दिए गए उत्तरों की मदद लें। नामों को आड़ी और खड़ी कतारों के नंबर व उनकी दिशा के आधार पर ढूंढें

(Over,Down,Direction)

AmeeshaPate
Bhagyashree
BipashaBasu
DiaMirza
FaridaJalal
JayaPrada
JuhiChawla
Kajol
KarismaKapoor
KimiKatkar
MadhuriDixit
Raakhee
RaniMukerji
RiyaSen
SmitaPatil
Sridevi
SushmitaSen
ZeenatAman

TATA INVESTMENT CORPORATION LIMITED

Elphinstone Building, 10 Veer Nariman Road, Mumbai 400 001.
Tel 91 22 6665 8282 Fax 91 22 6665 7917
CIN: L67200MH1937PLC002622 e-mail ticl@tata.com website: www.tatainvestment.com

Statement of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2026

(Rs. in crores)

	Particulars	Standalone						Consolidated					
		Quarter ended			Half Year ended		Year Ended	Quarter ended			Half Year ended		Year Ended
		Unaudited					Audited	Unaudited					Audited
		30-09-2026	30-06-2026	30-09-2025	30-09-2026	30-09-2025	31-03-2026	30-09-2026	30-06-2026	30-09-2025	30-09-2026	30-09-2025	31-03-2026
1.	Total Income	146.94	209.35	148.52	356.29	319.69	426.34	122.95	152.11	154.34	275.06	300.51	403.47
2.	Net Profit for the period before Tax	134.52	197.36	137.57	331.88	297.19	383.20	136.63	181.06	167.43	317.69	335.35	474.08
3.	Net Profit for the period after Tax	117.99	163.89	121.88	281.88	261.10	350.16	115.92	143.51	148.16	259.43	294.46	433.68
4.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit after tax and Other Comprehensive Income (after tax)]	(2,200.59)	4,328.76	(2,968.78)	2,128.17	801.59	(1,818.67)	(2,203.10)	4,308.85	(2,942.10)	2,105.75	835.46	(1,733.01)
5.	Equity Share Capital	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60
6.	Earnings Per Share (before and after extraordinary items) (of Re. 1/- each) Basic / Diluted (in Rs.)	2.33	3.24	2.41	5.57	5.16	6.92	2.29	2.84	2.93	5.13	5.82	8.57

Notes:

1.

	As on			
	30-09-2026	30-06-2026	30-09-2025	31-03-2026
Total Equity (post tax) (Rs. in crores)	**30,790.64**	**33,163.25**	**31,454.75**	**28,834.49**
Total Equity (post tax) per share (In Rs.)	608.60	655.50	621.70	569.90

2. The above is an extract of the detailed format of quarter and half year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarter / half year ended Financial Results are available on the Stock Exchange websites at www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on Company's website www.tatainvestment.com. The same can be accessed by scanning the QR code provided below.

Tata Investment Corporation Limited

(Noel N. Tata)
Chairman
DIN 00024713

Mumbai, 2nd November, 2026

GUJARAT ENERGY
Integrated Energy Company

Cleaner FUELS Greener TOMORROW

Inviting Franchisee Partners for Setting up of
LNG Stations




Gujarat Energy Limited (GEL) aims to power Long-Haul Transport with LNG infrastructure for Cleaner and Greener Tomorrow. Taking one step closer to "Viksit Bharat".

Interested applicants may apply through Online portal (link given as under) for below mentioned stretches*

District	Stretch (Within coordinates given in the Portal for each Stretch)	No. of LNG Station per Stretch
Kutch (Gujarat)	Pragpar towards Gandhidham (Left Hand Side of NH41)	1
Ahmedabad (Gujarat)	Sanand GIDC Gate No. 2 towards Chharodi (Left Hand Side of SH17)	1
Ahmedabad (Gujarat)	Between Limbdi & Bavla (Both Side of NH47)	1
Bharuch (Gujarat)	Dahej towards Bharuch (Left Hand Side of SH6)	1
Surat (Gujarat)	Sachin – Palsana – Ena Highway (Left Hand Side of NH53)	1
Palghar (Maharashtra)	Dhekale to Chilhar (Both Side of NH48)	1

SCAN TO APPLY
*terms and conditions apply

APPLY ONLINE ON
https://lngeoi.gujarat-energy.com/
LAST DATE TO APPLY
31 December 2026



JYOTI STRUCTURES LIMITED

Registered Office : Valecha Chambers, 6th Floor,
New Link Road, Oshiwara, Andheri (West), Mumbai - 400 053.
Tel : 3515 5000, E-mail : investor@jsl.co.in,
Website: www.jyotistructures.in. CIN: L45200MH1974PLC017494

REVENUE *
+ 60%
Q-2 FY 2026-27 248.57 Crores
Q-2 FY 2025-26 155.21 Crores

EBIDTA *
+ 65%
Q-2 FY 2026-27 22.16 Crores
Q-2 FY 2025-26 13.40 Crores

PAT *
+ 58%
Q-2 FY 2026-27 15.37 Crores
Q-2 FY 2025-26 9.72 Crores

* Standalone Q-2 Financial Year 2026-27 Vs. Q-2 Financial Year 2025-26

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2026

(Rs. in Crores)

Sr. No.	Particulars	Standalone Results					Consolidated Results				
		Quarter Ended		Half Year Ended		Year Ended	Quarter Ended		Half Year Ended		Year Ended
		September 30, 2026	September 30, 2025	September 30, 2026	September 30, 2025	March 31, 2026	September 30, 2026	September 30, 2025	September 30, 2026	September 30, 2025	March 31, 2026
		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
1	Total Income from Operations	248.57	155.21	503.75	317.61	772.44	248.57	155.21	503.75	317.61	772.44
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	15.53	10.17	34.80	20.41	54.72	15.57	10.17	34.84	20.41	54.71
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (After Exceptional and/or Extraordinary items)	15.53	10.17	34.80	20.41	54.72	15.57	10.17	34.84	20.41	54.71
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (After Exceptional and/or Extraordinary items)	15.37	9.72	34.83	20.88	56.04	15.41	9.72	34.87	20.88	56.03
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	14.79	10.10	36.25	21.33	67.35	25.25	13.58	37.30	29.34	67.11
6	Equity Share Capital (Face Value of Rs. 2/- each)	238.73	238.21	238.73	238.21	238.73	238.73	238.21	238.73	238.21	238.73
7	Other Equity as shown in the Balance Sheet	–	–	–	–	260.60	–	–	–	–	235.87
8	Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations)										
	1. Basic earnings/ (loss) per share (in INR)	0.1287	0.0817	0.2918	0.1755	0.4703	0.1291	0.0817	0.2921	0.1755	0.4702
	2. Diluted earnings/ (loss) per share (in INR)	0.1286	0.0815	0.2916	0.1751	0.4698	0.1290	0.0815	0.2919	0.1751	0.4697

Note:

1. The above is an extract of the detail format of Standalone & Consolidated Unaudited Financials Results for the Quarter & Half year ended September 30, 2026 filed with the National Stock Exchange and Bombay Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone & Consolidated Unaudited Financials Results for the Quarter & Half year ended September 30, 2026 are available on the websites of the National Stock Exchange (www.nseindia.com), Bombay Stock Exchange (www.bseindia.com) and the Company's website (www.jyotistructures.in)
2. Previous period figures have been re-arranged, re-grouped, re-calculated and re-classified, wherever necessary.

Place : Mumbai
Date : November 3, 2026

By Order of the Board of Directors
JYOTI STRUCTURES LIMITED
Sonali Gaikwad
Company Secretary
(FCS13908)

SHRI BAJRANG ALLIANCE LIMITED

(Formerly Known as Shri Bajrang Alloys Limited)

CIN: L27103CT1990PLC005964
Regd. Office: 521/C, Urla Industrial Complex, Urla, Raipur-493221 (C.G.)
Tel. No.0771-4288000, Fax No: +91-771 4288001,
Website:www.sbal.co.in, Email: cs.sbal@goelgroup.co.in

Extracts of Unaudited Financial Results for the Quarter/Half Year Ended 30th September,2026

Rs. In Lacs (Except Per share Data)

Sl. No.	Particulars	STANDALONE						CONSOLIDATED					
		Quarter ended			Half Year Ended		Year ended	Quarter ending			Half Year Ended		Year Ending
		30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026	30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026
		Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited
1.	Total income from Operations	14120.35	10684.47	8982.84	24804.81	18074.25	28741.66	14120.35	10522.34	8767.35	24642.69	17724.22	27570.77
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	660.43	321.97	445.01	982.38	741.22	1552.21	660.43	159.84	229.51	820.27	391.19	381.32
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	702.07	379.31	445.01	1081.38	741.22	1552.21	702.07	217.19	229.51	919.27	391.19	381.32
4.	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	494.94	331.33	380.44	826.27	629.58	1457.37	494.95	169.20	164.94	664.16	279.55	286.48
5.	Shares of Profit of Associates	-	-	-	-	-	-	719.33	796.02	845.88	1515.34	1588.81	4140.15
6.	Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)]	525.10	426.26	427.84	951.36	738.80	1847.57	1244.43	1060.15	1058.23	2304.60	1977.57	4816.83
7.	Paid-up Equity Share Capital	900	900	900	900	900	900	900	900	900	900	900	900
8.	Other Equity excluding Revaluation Reserves	-	-	-	-	-	8528.13	-	-	-	-	-	37144.11
9.	Basic and Diluted Earning per share (of Rs.10/- each) (not annualised)	5.50	3.68	4.23	9.18	7.00	16.19	13.49	10.72	11.23	24.22	20.76	49.18

Note: 1 The above results have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on 03.11.2026.
Note: 2 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the quarter/half year ended 30.09.2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of Unaudited Financial Results for the quarter/half year ended on 30.09.2026 is available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the Company's website www.sbal.co.in.

By Order of the Board
Sd/-
(Archit Goel)
WTD & CFO
DIN: 07685623

Place : RAIPUR
Date : 03.11.2026

Have fun with facts on Sundays

Catch the latest column of

HT TWTW
THE WEEK THAT WAS

A quiz on the week's development.

hindustantimes htTweets www.hindustantimes.com

FIRST VOICE. LAST WORD.